मेरे श्याम की हवेली | by Kumari Gunjan

बाबा श्याम की हवेली ये है बड़ी अलबेली
बड़े सुन्दर नज़ारे लगते हैं प्यारे प्यारे
इसमें सजधज बैठा मेरा यार सांवरिया
सोणा सोणा बड़ा सोणा मेरा यार सांवरिया

तेरी आँखों का ये काजल हमें करता है घायल
तेरा देख के श्रृंगार दिल हो जाता है पागल
तेरी अँखियों से छलके बड़ा प्यार सांवरिया
सोणा सोणा बड़ा सोणा मेरा यार सांवरिया

तेरे घूंघर वाले बाल तेरे मोटे मोटे गाल
तेरे होंठों पे मुरलिया तेरी तिरछी सी चाल
तेरी बांकी सी अदाएं दिलदार सांवरिया
सोणा सोणा बड़ा सोणा मेरा यार सांवरिया

तेरी चितवन बांकी बांकी, तेरी मनमोहिनी है झांकी
जो भी देखे तुमको कान्हा, वो तो हो जाये दीवाना
हंस नज़रे उतारे बार बार सांवरिया
सोणा सोणा बड़ा सोणा मेरा यार सांवरिया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a4%b5%e0%a5%87%e0%a4%b2%e0%a5%80-by-kumari-gunjan/